प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 22.04.2026 समय : 02.10PM

पहलगाम आतंकी हमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की जान जाने का दुखद दृश्य हमारी स्मृति में अंकित है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश आतंकवाद को उसके सभी रूपों में पराजित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि पूरा देश उनके साथ है।

कैबिनेट बैठक: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए शेल्टर होम बनाने को मंजूरी दी गई। इन शेल्टर होम में सस्ती दरों पर रुकने और खाने की सुविधा मिलेगी। सरकार जमीन देगी और सामाजिक संस्थाएं अपने खर्च पर भवन बनाकर यह व्यवस्था चलाएंगी। इसके अलावा अगले 5 साल में सभी मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाओं पर 2 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। कैबिनेट ने फैक्टर-2 लागू करने का भी फैसला किया, जिससे ग्रामीण किसानों को जमीन अधिग्रहण पर चार गुना तक मुआवजा मिलेगा।

कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

कैबिनेट बैठक में उज्जैन क्षेत्र के 35 गांवों को फायदा पहुंचाने वाली 157 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना को हरी झंडी दी गई, साथ ही छिंदवाड़ा जिले के पुनर्वास पैकेज के लिए 128 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि भी मंजूर की गई। सरकार अगले 5 साल में कक्षा 6वीं और 9वीं के बच्चों को साइकिल बांटने पर 990 करोड़ और शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के विकास पर 1200 करोड़ रुपए खर्च करेगी। कैबिनेट ने सीएम केयर योजना 2026 को भी जारी रखने की मंजूरी दी, जिस पर 5 साल में 3628 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

पीएम मोदी- चार धाम यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम पत्र लिखकर कहा है कि केदारनाथ समेत चार धाम की यात्रा भारत की संस्कृति और एकता का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि धार्मिक स्थलों पर सफाई रखें, नदियों को प्रदूषित न करें और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने, आपस में सहयोग और एकता बनाए रखने और यात्रा के सभी नियमों का पालन करने को भी कहा है।

विश्व पृथ्वी दिवस- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि जल, जंगल और जमीन को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिस धरती ने हमें जन्म और पोषण दिया, उसकी रक्षा करना हर नागरिक का फर्ज है। डॉ. यादव ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लेने को कहा है।

महाकाल दर्शन- रवि किशन

भोजपुरी स्टार और गोरखपुर सांसद रवि किशन आज सुबह उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। रवि किशन ने देश और अपने संसदीय क्षेत्र गोरखपुर की तरक्की के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना की। मंदिर समिति ने उन्हें शाल और नारियल देकर सम्मानित किया।

पीथमपुर फैक्ट्री में आग

पीथमपुर के सेक्टर-3 में केमिकल वेस्ट निपटाने वाली एक कंपनी में कल रात करीब पौने दस बजे भीषण आग लग गई, जो देखते ही देखते पास की दो और फैक्ट्रियों तक फैल गई। इंदौर और धार से 15 दमकल गाड़ियां, रोबोट और 200 से ज्यादा पानी के टैंकर लगाकर आग पर करीब 90 फीसदी काबू पा लिया गया। फैक्ट्री में मौजूद 10 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन जेसीबी, क्रेन और कई कंपनियों की मशीनरी जलकर खाक हो गई और करोड़ों के नुकसान की आशंका है।

आईपीएल मैच

आईपीएल क्रिकेट का 32वां मैच आज शाम 7:30 बजे लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। हेड टु हेड में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसने 6 में से 4 मैच जीते हैं, हालांकि पिछले साल लखनऊ ने जीत दर्ज की थी।

समाचार संक्षेप में :–

- **शिवपुरी** जिला मुख्यालय पर राज्य एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 दो सत्रों में 26 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।
- रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत **जबलपुर** जिले में गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। उपार्जन के लिए अब तक 60 केन्द्र स्थापित कर खरीदी शुरू कर दी गई है।
- **गुना** कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई।
- मैहर जिले में लगातार कम वर्षा और भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट को देखते हुए कलेक्टर ने पूरे जिले को “जल अभावग्रस्त क्षेत्र” घोषित कर दिया है।
- **धार** जिले के धामनोद थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरी में आज एक तेंदुआ बस्ती में घुस आया। तेंदुआ अब तक 6 लोगों को घायल कर चुका है। तेंदूए की तलाश जारी है।

....